# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-23.06.2025**

**विषयः- नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त विकास कुमार थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, अपहृता/पीड़िता सकुशल बरामद।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा गुमशुदा/अपहृता की बरामदगी तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व मे थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0270/2025 धारा 137(2),87 बी0एन0एस0 थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित नामजद वांछित अभियुक्त विकास कुमार पुत्र संकठा निवासी ग्राम गहुरा थाना चोलापुर जनपद वाराणसी को दिनांक-22.06.2025 को समय करीब 17.40 बजे भोपापुर पचपेडवा थाना चोलापुर जनपद वाराणसी से गिरफ्तार करते हुए, मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित नबालिग पीड़िता/अपहृता की सकुशल बरामदगी की गयी। उक्त सम्बन्ध में थाना चोलापुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-**

दिनांक-21.06.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने प्रतिवादी विकास कुमार द्वारा उनकी पुत्री उम्र करीब 17 वर्ष को बहला-फुसलाकर कहीं ले जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दिया, जिसके आधार पर थाना चोलापुर में मु0अ0सं0-0270/2025 धारा 137(2)/87 बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 चन्द्रभूषण द्वारा सम्पादित की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

विकास कुमार पुत्र संकठा निवासी ग्राम गहुरा थाना चोलापुर जनपद वाराणसी, उम्र करीब 26 वर्ष।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-**

भोपापुर पचपेडवा थाना चोलापुर जनपद वाराणसी से दिनांक-22.06.2025 को समय करीब 17.40 बजे।

**बरामदगी का विवरण-** मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अपहृता/पीड़िता, उम्र करीब 17 वर्ष बरामद।

**आपराधिक इतिहास-**

1- मु0अ0सं0 0270/2025 धारा 137(2)/87 बी0एन0एस0 थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

**<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1- उ0नि0 चन्द्रभूषण थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2- हे0का0 जगजीवन राम थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

3- म0का0 विमला कुमारी थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।




**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।**